A

609

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

2017-18

कक्षा-6

समयः 2 घंटे

हिंदी

- पंद्रह मिनिट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- छह गतिविधियों से किन्हीं **पाँच** गतिविधियों का उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : कवितौंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

आसमान में चमके तारे
लगते कितने प्यारे-प्यारे
छोटे-छोटे, नन्हे-नन्हे
जग-मग,जग-मग करते तारे।
रात अंधेरी जब होती है
राह दिखाते हैं ये तारे।
आते हैं जब काले बादल
छिप जाते हैं तब ये तारे।

क) तारे कब छिप जाते हैं?

ख) कवितांश का आशय लिखें।

ग) कवितौंश के लिए उचित शीर्षक लिखें।

गतिविधि-2

सूचनाः नीचे दिए खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

उदयपुर में आजकल बीमारियाँ फैल रही हैं। कूड़ा-कचरा,प्लास्टिक आदि से शहर भर गया है। इससे मिट्टी, जल, वायु सब प्रदूषित हो रहे हैं। लोग शहर से गंदगी दूर करने की कोशिश मे लगे हैं।

क) सही प्रस्ताव कौन-कौन हैं?

- कूड़ा-कचरा भर जाने से लोगों को कोई परेशानी नहीं है।
- प्लास्टिक आदि के कारण वायु, जल सब प्रदूषित है।
- कूड़ा-कचरा भर जाने से लोग बड़ी परेशानी में है।
- प्लास्टिक आदि के कारण वायु, जल सब सुरक्षित है।

ख) स्वच्छता का संदेश देते हुए पोस्टर तैयार करें।

गतिविधि- 3

सूचनाः कहानी का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नन्हा उल्लू बादलों से ऊपर उड़ रहा था लेकिन वह जितना ऊपर चला जाता, आसमान और भी ऊपर चला जाता। 'तो कितना ऊँचा है आसमान?' अम्मा ने पूछा। 'इतना ऊँचा है कि मैं उड़कर पहुँच ही नहीं सकता।' नन्हा उल्लू ने जवाब दिया।

क) कहानी के इस अंश के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- नन्हा उल्लू उड़कर आसमान में पहुँच ही नहीं सकता।
- नन्हा उल्लू उड़कर आसमान के ऊपर चला जा सकता है।
- नन्हा उल्लू उड़कर आसमान के चाँद तक पहुँच सकता है।

ख) नन्हे उल्लू के विचारों को डायरी के रूप में लिखें।

गतिविधि- 4

सूचनाः कहानी का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पहले बड़ा भाई खाना खाने घर गया। छोटा भाई खलिहान पर ही रुका रहा। वह सोचने लगा भाई की शादी हो गई है। उनका परिवार है। इसलिए उन्हें ज़्यादा गेंहू की ज़रूरत होगी। यह सोचकर उसने अपने ढेर से कई टोकरी गेहूँ लेकर बड़े भाई वाले ढेर में मिला दी।

क) ***'उनका परिवार है। इसलिए उन्हें ज़्यादा गेहूँ की ज़रूरत होगी।'***- छोटे भाई के इस विचार पर आपकी राय क्या है? लिखें।

ख) 'दो भाइ' कहानी के आधार पर छोटे भाई और बड़े भाई के प्यार पर टिप्पणी लिखें।

गतिविधि- 5

सूचना : चित्र को पहचानें और नीचे के प्रश्नों के उत्तर लिखें।



क) चित्र के अनुकूल वाक्यों को क्रमबद्ध करके कहानी बनाएं।

- कुत्ते के मुँह से हड्डी नीचे पानी में गिरी।
- कुत्ता हड्डी लेकर पुल पार कर रहा था।
- कुत्ते को एक हड्डी मिली।
- पानी में अपनी छाया देखकर कुत्ता भौंकने लगा।

ख) कहानी के लिए उचित शीर्षक दें।

गतिविधि- 6

सूचना: समाचार पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कोट्टयम : जिले में पिछले तीन दिनों से भारी वर्षा हो रही है। इससे लोग परेशान हैं। कई प्रदेशों में खेती का नुकसान हुआ। नदी-नाले भरे हैं। बिजली और यातायात में रुकावट हुई है। मौसम निरीक्षकों की राय में पाँच दिन तक वर्षा ज़ारी रहेगी।

क) समाचार के लिए उचित शीर्षक दें।

ख) सही दो प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- भारी वर्षा से लोग परेशान हैं।
- भारी वर्षा से यातायात में कोई रुकावट नहीं है।
- वर्षा से लोगों को परेशानी नहीं है।
- भारी वर्षा से खेती का नुकसान हुआ है।

ग) सही मिलान करें।

• भरे हैं।	• यातायात में
• रुकावट हुई	• कोट्टयम जिला में
	• नदी-नाले